# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 154 Cr.P.C.)
## प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)

1. **District (जिला):** STATE VIGILANCE BUREAU **P.S. (थाना):** SVB HISAR **Year (वर्ष):** 2023

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0004 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 13/02/2023 14:53 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 384 |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Monday **Date from (दिनांक से):** 13/02/2023 **Date To (दिनांक तक):** 13/02/2023

**Time Period (समय अवधि):** Pahar 4 **Time From (समय से):** 09:40 hrs **Time To (समय तक):** 09:40 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 13/02/2023 **Time (समय):** 14:10 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 015 **Date and Time (दिनांक और समय):** 13/02/2023 14:24 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH-EAST, 75 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** भिवानी,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** विकास

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** हरभजन

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1999 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **बाल्मिकी बस्ती हनुमान गेट, भिवानी, BHIWANI, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **बाल्मिकी बस्ती हनुमान गेट, भिवानी, BHIWANI, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):**

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनिल कुमार यादव प्रिंसिपल | | | 1. ITI<br>भिवानी,<br>BHIWANI,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा मे इन्सपैक्टर विजिलैन्स राज्य चौकसी ब्यरो हिसार। विषयः- भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी के विरुद्द रिश्वत मांगने पर कानूनी कार्यवाही करने बारे । श्रीमान जी , निवेदन यह है कि मै विकास पुत्र श्री हरभजन बाल्मीकी बस्ती हनुमान गेट भिवानी का निवासी हूं। मै (HKRNL) के तहत ITI भिवानी मे बतौर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ( सफाई कर्मचारी ) नौकरी करता हू मेरे साथ ITI भिवानी मे (1) अमीत पुत्र अर्जून निवासी बाल्मीकी बस्ती हनुमान गेट भिवानी (2) आशिष पुत्र मनोज कुमार निवासी हालू मोहल्ला भिवानी (3) सुमित पुत्र सुशील कुमार निवासी बापोडा जिला भिवानी (4) दिपक पुत्र रणबीर सिहं निवासी बापोडा जिला भिवानी (5) रेखा पत्नी धमेन्द्र निवासी हालु मोहल्ला भिवानी भी मेरे साथ ( HKRNL ) के तहत ITI भिवानी मे बतौर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नौकरी करते है । अनिल कुमार यादव प्रिंसिपल ITI भिवानी मुझसे व उपरोक्त सभी कर्मचारियो से 2000/2000 रुपये की प्रति माह बतौर रिश्वत मांग कर रहा है दिनांक 10.02.2023 को अनिल कुमार प्रिसिपल ने मुझे कहा की तुम उपरोक्त कर्मचारियो से 2000/ 2000 इक्कटठे करके तेरे समेत 12000/- रु. इक्कटठे करके दिनांक 13.02.2023 मुझे अवश्य दे देना यदि दिनांक 13.02.2023 तक तूने 12000/- रुपये मुझे नही दिये तो मै तुझे व तेरे साथी उपरोक्त कर्मचारियो को नौकरी से निकाल दूंगा । मैने अनिल कुमार प्रिंसिपल को यह कह कर मजबूरी जाहीर की कि मेरे से पैसे नही बन पायेगे क्योकि मेरा लडका जो सात आठ दिन का है हस्पताल मे भर्ती है लेकिन अनिल कुमार प्रिंसिपल ने मेरी कोई बात नही सुनी तथा रिश्वत लेने की बात पर अडिग रहा यदि दिनांक 13.02.2023 तक मै अनिल कुमार प्रिंसिपल को उपरोक्त कर्मचारियो से उनके हिस्से के 2000/2000 रुपये व मेरे हिस्सा के 2000 रुपये कुल 12000/- रुपये नही दूंगा तो वह मुझे व उपरोक्त कर्मचारियो को नौकरी से निकाल देगा । मैने मजबूरी वश नौकरी से निकाल देने के डर से मेरे समेत उपरोक्त 5 कर्मचारियो से 2000/ 2000 रुपये लेकर कुल 12000/- रुपये इक्कटठे किये है अनिल कुमार प्रिंसिपल द्वारा मुझे दिनांक 10.02.2023 को नौकरी से निकाल देने व रिश्वत मांगने बारे जो बाते कही गई थी उनकी मैने रिकार्डींगं करली थी । मैने यह रिकार्डीग उपरोक्त पाचों कर्मचारियो को सुना दी थी । जिन्होने रिकार्डीग सुनकर नौकरी से निकाल दिये जाने के भय के मारे मजबूरी वश अपने –अपने हिस्से के 2000/ 2000 रुपये मुझे दिये है । मै यह 12000/- रुपये अनिल कुमार प्रिंसिपल को नही देना चाहता हूं । आज मैने फोन मे की हुई रिकार्डीग आपको भी सुना दी है मै यह रिकार्डीग सी.डी, पैन ड्राईव मे डालकर बाद मे आपको पेश कर दुंगा अनिल कुमार प्रिंसिपल ITI भिवानी के विरुद्द कानुनी कार्यवाही की जाये । प्रार्थी विकास, विकास पुत्र श्री हरभजन बाल्मीकी बस्ती हनुमान गेट (भिवानी ) दिनांक 13.02.2023 कार्यवाही पुलिसः- आज विकास पुत्र श्री हरभजन निवासी बाल्मीकी बस्ती हनुमान गेट भिवानी ने मन निरीक्षक को सुचित किया है कि मै किसी भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी के विरुध रिश्वत मांगने बारे कानुनी कार्यवाही करवाना चाहता हूं आप भिवानी पहुचे । मै भिवानी मे आपसे मिलकर आपको सभी बाते बता दुगा । जिस पर मन निरीक्षक मय ASI विजेन्द्र कुमार 763/BWN, HC वरिन्द्र सिहं न. 485/हिसार , EHC इन्द्रपाल न. 433/FTB बा सवारी गाडी सरकारी न. HR 03GV 6377 चालक HC पवन कुमार न. 1270/हिसार के रा.चौ.ब्यूरो उपकेन्द्र भिवानी पहुंचा हुं । शिकायत कर्ता विकाश उपरोक्त से टेलीफोन के माध्यम से सम्पर्क करके उसे कार्यलाय रा.चौ.ब्यूरो उप केन्द्र भिवानी बुलाया । जिस पर विकाश कुमार उपरोक्त ने कार्यालय रा.चौ.ब्यूरो भिवानी मे हाजिर आया तथा आरोपी अनिल कुमार प्रिंसिपल ITI भिवानी द्वारा रिश्वत मांगने के हालात से अवगत करवाया तथा अपने फोन मे अनिल कुमार प्रिंसिपल से रिश्वत के बारे मे हुई बातचीत की रिकार्डीग भी मुझे सुनाई व उपरोक्त दरखास्त मन निरीक्षक को पेश की है । उपरोक्त दरखास्त व रिकार्डीग के मजबून से जुर्म धारा 384 IPC व 7 PC Act का सरजद होना पाया जाता है लिहाजा तहरीर हजा बराये कायमी मुकदमा बदस्त मु.सि. वरिन्द्र सिहं न. 485/हिसार के हवाले करके थाना रा.चौ.ब्यूरो हिसार भिजवाई जा रही है बाद कायमी मुकदमा नम्बर पर्चा से सुचित किया जावे । मुकतमा हजा की स्पैशल रिपोर्ट इलाका मजिस्ट्रेट व सम्बन्धीत अफसरान बाला को भिजवाई जावे । मन निरीक्षक उपरोक्त कर्मचारियो की रैडींग पार्टी तैयार करके नियामनुसार मशरुफ रेड की आगामी कार्यवाही मे ब्यस्त होता हुं । अजः- उपकेन्द्र रा.चौ.ब्यूरो भिवानी SD Ajit Singh निरीक्षक थाना रा.चौ.ब्यूरो हिसार दिनांक 13.02.23 AT 9.40 AM अज थाना- हस्ब आमद तहरीर पर मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजि. किया जाकर नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर HC वरिन्द्र सिहं 485/हिसार के हाथ वर मौका अनुसंधानकर्ता के पास भेजी जा रही है । प्र.सु.रि. की स्पैशल प्रतियां तैयार करके EMAIL ID द्वारा ईलाका मैजिस्ट्रेट भिवानी व पुलिस अधीक्षक भिवानी की सेवा में भेजी जा रही है

**13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही :** चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद **सं.** 2 में उल्लेख धारा के तहत है.**):**

**(1) Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):**
**/ or ( या)**

**(2) Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Ajit Singh **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 304H **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3) Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4) Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Dharmvir Singh

**Rank (पद):** Inspector Police)

**No. (सं.):** 30/HAP

**14. Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15. Date and time of dispatch to the court (**अदालत में प्रेषण की **दिनांक** और समय**):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**